महत्वपूर्ण/समयबद्ध/फैक्स/ई–मैल

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd E-Mail-eicpwduk@nic.in

पत्रसंख्या– 1780/35व्यक–सा0/2019 दिनांक 17/06/2019

–:कार्यालय ज्ञापः–

लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत तकनीकी/गैर तकनीकी कार्मिकों के शासन/विभागाध्यक्ष कार्यालय स्तर से हुये स्थानान्तरण के फलरूवरूप कतिपय कार्मिकों को माह–मार्च, 2019/अग्रिम तिथि तक यथावत बनाये रखे जाने के आदेश पारित किये गये थे।

उक्त कम में अवगत कराना है कि सामान्य लोक सभा निर्वाचन–2019 के दृष्टिगत दिनांक–10.03.2019 को आचार संहिता लागू होने के कारण स्थानान्तरित कार्मिकों द्वारा कार्यमुक्त/योगदान नहीं किया गया। वर्तमान में आदर्श आचार संहिता समाप्त हो चुकी है।

अतः उक्त सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि विभागान्तर्गत शासन/विभागाध्यक्ष कार्यालय स्तर से हुये तकनीकी/गैर तकनीकी कार्मिकों के स्थानान्तरण के फलरूवरूप स्थानान्तरित कार्मिकों को नवीन तैनाती कार्यालय हेतु कार्यमुक्त करते हुये उनकी कार्यमुक्त/योगदान आख्या ई–मेल/ फैक्स अथवा विशेष वाहक के माध्यम से तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कार्मिकों को कार्यमुक्त न किये जाने एवं उनकी कार्यमुक्त/योगदान की सूचना उपलब्ध न करायें जाने के दृष्टिगत सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित मुख्य अभियन्ताओं का होगा।

उक्त आदेशों का कडाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें।

ह0/-
(हरिओम शर्मा)
प्रभारी प्रमुख अभियन्ता

IT (Head)
Uploading कर लें।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. समस्त मुख्य अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग को उपरोक्तानुसार तत्काल कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड, लोक निर्माण विभाग।
5. अधिशासी अभियन्ता आई0टी0 सैल, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित है प्रश्नगत प्रकरण को लोक निर्माण विभाग की बैवसाईट पर अपलोड /ई–मैल करवाना सुनिश्चित करें।
6. वरिष्ट/प्रशासनिक अधिकारी–क/ख/ग/घ एवं वर्कचार्ज, विभागाध्यक्ष कार्यालय, देहरादून।
7. गार्ड पत्रावली हेतु।

19.06.19
चन्दन सिंह नेगी
अधिशासी अभियन्ता

17/6

(हरिओम शर्मा)
प्रभारी प्रमुख अभियन्ता

17/06/19